# माता/पिता जानकारी पुस्तिका
# 2023 / 2024

**कृपया पैरेंट फोल्डर में मौजूद सारी जानकारी पढ़ें।**
**हम यह मानेंगे कि आपने यह जानकारी पढ़ ली है और इसलिए हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं से वाकिफ हैं।**
**यह जानकारी, हमारी वेबसाइट पर ऑनलाइन भी उपलब्ध है।**
**www.cdchk.org**

यूनिट 7, 4/F, विक्टोरिया सेंटर, 15 वाटसन रोड, फोर्ट्रेस हिल, हांगकांग

ईमेल: [info@cdchk.org](mailto:info@cdchk.org)





## <u>चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर (CDC) - फोर्ट्रेस हिल</u>

Unit 7, 4/F, Victoria Centre, 15 Watson Road, Fortress Hill, Hong Kong (यूनिट 7, 4/F, विक्टोरिया सेंटर, 15 वाटसन रोड, फोर्ट्रेस हिल, हांगकांग) (टेलीफोन: 2849 6138; ईमेलः info@cchk.org)

MTR से, कृपया MTR फोर्ट्रेस हिल स्टेशन के A/B एग्जिट से बाहर निकलें, उसके बाद ऑयल स्ट्रीट की ओर जाएं और बायीं ओर इलेक्ट्रिक रोड पर मुड़ जाएं। उसके बाद सामने की ओर सीधा आगे बढ़ते रहें जब तक दायीं ओर वॉटसन रोड न आ जाए। विक्टोरिया सेंटर पहुंचें और कमरा नंबर 407 में जाने के लिए लिफ्ट पकड़ें।

बस से जाने के लिए, आप इन मार्गों का उपयोग कर सकते हैं: 2, 2A, 8H, 8X, 10, 18, 18P, 19P, 23, 25, 63, 65, 81. 102, 106, 112, 116, 307P, 601, 603A, 619P , 619X, 678, 679, 680, 680B, 680P, 690।

पार्किंग: विक्टोरिया सेंटर में दूसरी और तीसरी मंजिल पर एक सशुल्क कार पार्किंग क्षेत्र है, जिसका प्रवेश द्वार, वॉटसन रोड की तरफ से है।




## चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर (CDC) – नॉर्थ पॉइंट

3/F, नॉर्थ पॉइंट वेलफेयर फैसिलिटीज़ ब्लॉक, 123 जावा रोड (हार्बर नॉर्थ फेज़ II), नॉर्थ पॉइंट, हांगकांग (टेलीफोन: 2849 2018; ईमेल: info@cdchk.org)

MTR से, नॉर्थ पॉइंट स्टेशन पर उतर जाएं:
(a) एग्जिट A1 लें और नॉर्थ पॉइंट फेरी पियर की तरफ लगभग 1 मिनट पैदल चलें। (*कृपया यह जान लें कि एग्जिट A1 पर ग्राउंड तक जाने के लिए कुछ सीढ़ियां चढ़नी होंगी) या
(b) ग्राउंड तक जाने के लिए कॉनकोर्स में लिफ्ट पकड़ें और नॉर्थ पॉइंट फेरी पियर की तरफ शु कुक स्ट्रीट पर 3 मिनट पैदल चलें।

बस से, आप निम्नलिखित रूट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं: 10, 23, 27, 38, 41A, 42, 82, A11.

पार्किंग: हार्बर नॉर्थ फेज 3 पर एक कार पार्क है जिसका एंट्रेंस, टिन चिऊ स्ट्रीट में है।

# विषय-सूची

2023 / 2024 कैलेण्डर ........................................................................ 5 – 6

ख़राब मौसम नीति ................................................................................ 7

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी ............................. 8 - 11

फीस के पेमेंट से संबंधित नियम एवं शर्तें ............................................. 12 – 14

समुदाय और माता/पिता सम्बन्धी संसाधन ............................................15

इतिहास और दर्शन शास्त्र.................................................................... 16 – 17

शासन सम्बन्धी ढांचा ............................................................................ 18

CDC सेवा गुणवत्ता सम्बन्धी मानक .................................................... 19

# 2023 / 2024
# सेंटर कैलेण्डर

| महीना | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | सेंटर की छुट्टियाँ<br>सार्वजनिक छुट्टी<br>केवल स्टाफ – कोई कार्यक्रम नहीं<br>CDC इवेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगस्त 2023 | | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 31/7 – 11/8: ग्रीष्मकालीन अवकाश<br>12/8: पैरेंट ओरिएंटेशन/ ओपन हाउस<br>14/8: नौकरी पर वापस |
| | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | |
| | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | |
| | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | |
| | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | | |
| | | | | | | | | |
| सितम्बर 2023 | | | | | | 1 | 2 | ▪ 30/9: मिड-ऑटम फेस्टिवल के बाद वाला दिन |
| | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | |
| | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | |
| | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | |
| | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |
| | | | | | | | | |
| अक्टूबर 2023 | | | | | | | | ▪ 2/10: राष्ट्रीय दिवस के बाद वाला दिन<br>▪ 3 - 7/10: मध्यकालीन अवकाश<br>▪ 23/10: चुंग येंग फेस्टिवल |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | |
| | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | |
| | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | |
| | 29 | 30 | 31 | | | | | |
| नवम्बर 2023 | | | | 1 | 2 | 3 | 4 | ▪ 14/11: टीम निर्माण दिवस |
| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | |
| | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | |
| | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | |
| | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | | |
| | | | | | | | | |
| दिसंबर 2023 | | | | | | 1 | 2 | ▪ 14/12: फैमिली विंटर सेलिब्रेशन @ CDC<br>▪ 18/12 - 1/1: शीतकालीन अवकाश<br>▪ 25 - 26/12: क्रिसमस दिवस / बॉक्सिंग दिवस |
| | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | |
| | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | |
| | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | |
| | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |
| | 31 | | | | | | | |
| जनवरी 2024 | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | ▪ 1/1 – नव वर्ष का दिन |
| | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | |
| | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | |
| | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | |
| | 28 | 29 | 30 | 31 | | | | |
| | | | | | | | | |

| महीना | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | सेंटर की छुट्टियाँ<br>सार्वजनिक छुट्टी<br>केवल स्टाफ – कोई कार्यक्रम नहीं<br>CDC इवेंट |
| **फरवरी** | | | | | 1 | 2 | 3 | ▪ 9 - 15/2: चन्द्र नव वर्ष अवकाश |
| **2024** | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | ▪ 10 - 12/2: चन्द्र नव वर्ष |
| | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | ▪ 13/2: चन्द्र नव वर्ष की छुट्टी |
| | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | |
| | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | | |
| | | | | | | | | |
| **मार्च 2024** | | | | | | 1 | 2 | ▪ 29/3 – 30/3: ईस्टर की छुट्टियाँ |
| | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | ▪ 29/3 - 3/4: ईस्टर की छुट्टी |
| | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | |
| | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | |
| | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |
| | 31 | | | | | | | |
| **अप्रैल** | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | ▪ 1/4: ईस्टर मंडे |
| **2024** | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | ▪ 4/4: चिंग मिंग फेस्टिवल |
| | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | ▪ 5/4: स्टाफ के लिए CPD दिवस |
| | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | |
| | 28 | 29 | 30 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| **मई 2024** | | | | 1 | 2 | 3 | 4 | ▪ 1/5: श्रम दिवस |
| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | ▪ 15/5: बुद्ध का जन्मदिन |
| | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | |
| | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | |
| | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |
| | | | | | | | | |
| **जून 2024** | | | | | | | 1 | ▪ 10/6: ड्रैगन बोट फेस्टिवल |
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | |
| | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | |
| | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | |
| | 30 | | | | | | | |
| **जुलाई** | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | ▪ 1/7: HKSAR स्थापना दिवस |
| **2024** | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | ▪ 29/7 - 9/8: ग्रीष्मकालीन अवकाश |
| | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | |
| | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | |
| | 28 | 29 | 30 | 31 | | | | |
| | | | | | | | | |
| **अगस्त** | | | | | 1 | 2 | 3 | ▪ 10/8: पैरेंट ओरिएंटेशन / ओपन हाउस |
| **2024** | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | ▪ 12/8: नौकरी पर वापस |
| | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | |
| | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | |
| | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

*23 फरवरी 2023 को अपडेट किया गया*

# ख़राब मौसम नीति

माता-पिता को मौसमी संकेतों के लिए हांगकांग ऑब्ज़रवेटरी से मालूमात करने और मीडिया में SWD सम्बन्धी घोषणाओं पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है। यदि घोषणा में कहा गया है कि "सभी स्कूल या ख़ास जरूरतों वाले बच्चों के सेंटर बंद हैं" तो कृपया अपने बच्चे को CDC न लाएं। मौसमी संकेतों के लिए कृपया नीचे दी गई जानकारी देखें।

| मौसमी संकेत | घोषणा का समय | A. M. सेशंस<br>8:45 am – 12:30 pm | P.M. सेशंस<br>1:00 pm – 6:15 pm |
|---|---|---|---|
| अम्बर बारिश (Amber 黃) | किसी भी समय | ✓ | ✓ |
| लाल बारिश (Red 紅) | 6:30 am पर / के बाद | ✗ * | N/A |
| | 11:30 am पर / के बाद | ✗ * | ✗ * |
| काली बारिश (Black 黑) | 6:30 am पर / के बाद | ✗ | N/A |
| | 11:30 am पर / के बाद | ✗ | ✗ |
| तूफ़ान नंबर 1 (T1) | किसी भी समय | ✓ | ✓ |
| तूफ़ान नंबर 3 (⊥3) | 6:30 am पर / के बाद | ✗ * | N/A |
| | 11:30 am पर / के बाद | ✗ * | ✗ * |
| तूफ़ान नंबर 8 या उससे ऊपर (▲8 NW 西北, ⧗9, ✚10) | 6:30 am पर / के बाद | ✗ | N/A |
| | 11:30 am पर / के बाद | ✗ | ✗ |

* हमारा सेंटर खुला रहेगा, माता-पिता के विवेक के आधार पर अनुसूचित सेशन (सामूहिक, व्यक्तिगत, आकलन) के लिए उपस्थिति।

- सेशन शुरू होने के बाद संकेत दिखाई देने पर माता-पिता को अपने बच्चों को ले जाना चाहिए यदि ऐसा करना सुरक्षित हो।

# माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

CDC, सेंटर में आने वाले अलग-अलग उम्र के बच्चों की जरूरतों के मुताबिक़ कई अलग-अलग सेवाएं प्रदान करता है। हमारे लक्ष्यों को समझने और बेहतर संचार को सुगम बनाने के लिए हमारे प्रोग्राम्स में कुछ ख़ास उम्मीदें विकसित की गई हैं।

यदि आप अपने बच्चे को CDC नहीं ला रहे हैं तो कृपया यह जरूर देख लें कि आपके बच्चे के साथ आने वाले जिम्मेदार केयरगिवर (देखभाल करने वाला व्यक्ति) को निम्नलिखित बातों की जानकारी हो।

**अतिरिक्त सहायता**
प्रोग्राम्स में शामिल होने वाले नए बच्चों को शुरू-शुरू में एक केयरर (देखभालकर्ता) को अपने साथ रखना होगा। ऐसा तब तक करना होगा जब तक स्टाफ मेम्बर्स को पूरा विश्वास नहीं हो जाता कि बच्चा अच्छी तरह सेटल हो गया है और उसके साथ वयस्क व्यक्ति के आने की अब कोई जरूरत नहीं है। यदि हमें कभी पता चलता है कि आपके बच्चे को क्लासरूम में अतिरिक्त सहायता से लाभ होगा तो हम आपको अपने बच्चे के साथ प्रोग्राम में शामिल होने के लिए एक केयरगिवर की व्यवस्था करने के लिए कहेंगे।

**आंकलन और रिपोर्ट्स**
टाइगर्स, जिराफ्स, टेडी बेअर्स और अर्ली इंटरवेंशन ग्रुप प्रोग्राम्स में शामिल होने वाले सभी बच्चों का साल में दो बार एसेसमेंट या आंकलन किया जाता है। माता-पिता को आंकलन से प्राप्त लक्ष्य दिए जाते हैं और अपने बच्चों के विकास और भावी जरूरतों पर चर्चा करने के लिए स्टाफ से मिलने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

माता-पिता को रिपोर्ट पर चर्चा करने और अपने मन में उठने वाले सवाल पूछने के लिए 30 मिनट वाली पैरेंट मीटिंग में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कृपया हमारे ऐप "CDC कनेक्ट्स" के माध्यम से अपना अपॉइंटमेंट शेड्यूल करें।

SWD के माध्यम से नाम लिखाने वाले या टाइगर्स, जिराफ्स या टेडी बेअर्स प्रोग्राम्स में शामिल होने वाले बच्चे, हमारे इन-हाउस साइक्लोजिस्ट्स द्वारा किए जाने वाले डायग्नोस्टिक/मनो-शैक्षिक आंकलन पर 30% डिस्काउंट (सिर्फ एक बार) ले सकते हैं।

**पते में परिवर्तन**
कृपया अपने आवासीय पते, टेलीफोन/फैक्स नंबर और ईमेल एड्रेस सहित अपने सभी नए विवरणों के बारे में ऑफिस को सूचित करें।

**कपड़े**
बच्चों को धूल-मिट्टी वाले खेल के लिए उचित जूते और कपड़े पहनने चाहिए और इससे उन्हें ड्रेसिंग स्किल्स सीखने में भी मदद मिलेगी। बच्चों के कपड़े, व्यवहार करने और धोने लायक हालत में रखने चाहिए और पेशाब करने, कपड़े पहनने और कपड़े उतारने जैसे कार्यों के लिए आसानी से इस्तेमाल करने लायक होने चाहिए। सभी कपड़ों पर बच्चों का नाम साफ़-साफ़ लिखा होना चाहिए।

**संचार**
महत्वपूर्ण घोषणाएं और सूचनाएं पाने के लिए माता-पिता को CDC ऐप "CDC कनेक्ट्स" डाउनलोड कर लेना चाहिए। यदि आपका बच्चा एक ऐसे प्रोग्राम में भाग ले रहा है जिसमें साल में दो बार आंकलन किया जाता है तो आंकलन रिपोर्ट, ऐप पर ही मिलेगी। सारे CDC पत्राचार (इनवॉइस, रसीद, प्लेसमेंट ऑफर लेटर्स, पैरेंट टॉक्स और अन्य नोटिस) ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे जब तक हार्ड कॉपी भेजने का अनुरोध नहीं किया जाता। कृपया देख लें कि हमारे पास आपका अपडेटेड ईमेल एड्रेस हो।

**शिकायतें**
कोई भी शिकायत या तो चीफ एग्जीक्यूटिव या CDC के एग्जीक्यूटिव कमिटी चेयरमैन को भेजना चाहिए जो मामले की प्रकृति के आधार पर मौखिक या लिखित रूप में जवाब देंगे। चेयरमैन को संबोधित करके लिखे सभी पत्र, उन तक पहुंचाने के लिए ऑफिस में दिए जा सकते हैं। CDC की शिकायत नीति और प्रक्रिया के बारे में अतिरिक्त जानकारी ऑफिस से

मिलेगी। कोई शिकायत करने पर, सेवा उपयोगकर्ताओं के साथ, बिना किसी पक्षपात और भेदभाव के, निष्पक्ष तरीके से बर्ताव किया जाएगा।

## गोपनीयता, निजता और दुरुपयोग

स्टाफ मेम्बर्स को दी गई जानकारी को व्यक्तिगत डेटा (गोपनीयता) अध्यादेश द्वारा सुरक्षित किया जाता है। SWD के माध्यम से भेजे गए बच्चों के लिए, बच्चों से जुड़ी जानकारी को दोनों पार्टियों के बीच शेयर किया जा सकता है। CDC, HKSAR व्यक्तिगत डेटा गोपनीयता अध्यादेश का पालन करता है; इसलिए आपकी जानकारी और मंजूरी के बिना SWD और CDC से बाहर की किसी पार्टी को आपके या आपके बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। CDC, सेवा उपयोगकर्ताओं के गोपनीयता और गरिमा सम्बन्धी अधिकारों का सम्मान करता है। हस्ताक्षरित सहमति फॉर्म के बिना CDC से बाहर प्रकाशन के लिए फोटो या वीडियो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

CDC, सभी बच्चों, माता-पिता, स्वयंसेवकों, स्टाफ और मुलाकातियों के लिए प्राइवेसी, गोपनीयता और दुरुपयोगविहीनता के अधिकार का सम्मान करता है। CDC, सेवा उपयोगकर्ताओं को गोपनीयता, निजता या दुरुपयोग से संबंधित चिंता होने पर स्टाफ मेम्बर्स के पास जाने के लिए आमंत्रित और प्रोत्साहित करता है।

## बाहरी पेशेवरों के लिए सहमति फॉर्म

शिक्षकों और थेरेपिस्ट्स को अक्सर बाहरी शिक्षकों और थेरेपिस्ट्स के साथ बच्चों की प्रगति पर चर्चा करने के लिए कहा जाता है। यदि आप चाहते हैं कि स्टाफ, CDC से बाहर आपके बच्चे के साथ काम करने वाले पेशेवरों से बात करे तो कृपया ऑफिस से सहमति फॉर्म लेकर, और उसे भरकर ऑफिस को वापस कर दें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि गोपनीयता कायम रखी जाएगी। यह मौखिक और लिखित जानकारी दोनों पर लागू होती है। किसी भी संचार से पहले माता-पिता से लिखित सहमति ली जाएगी।
बाहरी पार्टियों के साथ किसी लिखित संचार में माता-पिता सीधे तौर पर शामिल होंगे।

## डिजिटल ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग

CDC में बच्चों की फोटो लेने और उनके ऑडियो/वीडियो रिकॉर्ड करने की इजाजत नहीं है। यदि आप वन-ऑन-वन सेशन में अपने बच्चे को रिकॉर्ड करना चाहते हैं तो आपको थेरेपिस्ट से मौखिक सहमति लेनी पड़ेगी। पैरेंट ट्रेनिंग सेशन / थेरेपी सेशन के दौरान सिर्फ बच्चे की रिकॉर्डिंग ली जानी चाहिए, थेरेपिस्ट की नहीं। कोई भी रिकॉर्डिंग, माता/पिता द्वारा दिए गए उपकरण पर ली जाएगी।

ट्रेनिंग और डेवलपमेंट के उद्देश्य से, बच्चों के साथ स्टाफ का वीडियो रिकॉर्ड किया जा सकता है। इन वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ टीचिंग और थेरेपी की क्वालिटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चिंतन और मूल्यांकन साधनों के रूप में किया जाएगा। इन वीडियो का इस्तेमाल बाहरी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाएगा और ऑब्ज़रवेशन फीडबैक के बाद इन्हें डिलीट कर दिया जाएगा।

### सरकार के दिशानिर्देश के तहत बच्चे के साथ रहना (केवल सेल्फ-फाइनेंस्ड सेंटर के लिए)

CDC, माता-पिता/देखभालकर्ताओं को आपने बच्चे की ट्रेनिंग/थेरेपी सेशन के दौरान उपस्थित रहने से संबंधित अपनी नीति को मजबूत करना चाहता है। इससे उन परिवारों, जिन्हें हम सेवा प्रदान करते हैं, उनके साथ निकट सहयोग को बढ़ावा देने, और क्लासरूम में सीखने की व्यवस्था को घर पर सीखने की व्यवस्था तक पहुँचने का अवसर प्रदान प्रदान करने का उद्देश्य पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह दृष्टिकोण, सरकार के दिशानिर्देशों के साथ हमारे अनुपालन को मजबूत बनाने में भी मदद करेगा। हम माता-पिता/ देखभालकर्ताओं को जहाँ उपयुक्त हो वहां सिर्फ अपने बच्चे के सेशन को देखने के लिए ही नहीं बल्कि उसमें शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

## आर्थिक सहायता योजना

CDC आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे परिवारों के लिए आर्थिक सहायता योजना का संचालन करता है। आवेदक (बच्चे का माता/पिता या अभिभावक) को ऑफिस से संपर्क करके एक आवेदन फॉर्म लेना चाहिए। दी गई जानकारी की सटीकता की जिम्मेदारी आवेदक की है। गलत या अधूरी जानकारी देने पर आवेदन रद्द हो सकती है और CDC में प्लेसमेंट मिलने की संभावना समाप्त हो सकती है। आवेदन फॉर्म में दी गई सारी जानकारी को प्रशासनिक स्तर पर पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।
आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे परिवारों को जल्द से जल्द CDC से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि CDC एक महीने की ट्यूशन फीस बाकी रहने पर सेवाओं को निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**उपहार नीति**
हांगकांग भ्रष्टाचार अध्यादेश के अनुसार, CDC की नीति में कहा गया है कि स्टाफ व्यक्तिगत उपहार स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा**
CDC ने निम्नलिखित प्रक्रियाएं विकसित की हैं और नियमित रूप से उनकी समीक्षा करता है: 1) आग और जगह खाली करने की प्रक्रियाएं; 2) तूफ़ान और आंधी सम्बन्धी प्रक्रियाएं; 3) स्वास्थ्य और टीकाकरण सम्बन्धी प्रक्रियाएं; 4) परिसर और उपकरण समीक्षा सम्बन्धी प्रक्रियाएं; और 5) गंभीर घटना प्रबंधन। इन प्रक्रियाओं और अन्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्बन्धी मामलों पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया ऑफिस में मौजूद, SWD का सेवा गुणवत्ता मानक 9 (SQS 9) पढ़ें।

बच्चों के बैग में कोई दवा नहीं रखनी चाहिए। यदि आपका बच्चा दवा ले रहा है या उसे कोई एलर्जी या कोई ख़ास स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या है तो शिक्षक या थेरेपिस्ट को सूचित करें। यदि आपके बच्चे को, उदाहरण के लिए, मिर्गी या अस्थमा के लिए मेडिकल इलाज की जरूरत है तो उसके साथ एक वयस्क व्यक्ति को रहना होगा जिसके पास जरूरी दवाइयाँ होंगी और जो बच्चे को दवा दे सके। स्टाफ मेम्बर्स कोई दवा (हर्बल दवा सहित) नहीं देंगे।

**इन्टेक**
इन्टेक के दौरान, व्यवस्थित टाइम-स्लॉट दो सप्ताह के लिए रिजर्व रखा जाएगा जिस समय सारे पेपर वर्क को पूरा करके लौटाया जाता है। दो सप्ताह के भीतर पेपर वर्क न लौटाने पर, बच्चे को बिना किसी नोटिस के पसंदीदा स्लॉट से बाहर कर दिया जाएगा और प्लेसमेंट पाने के लिए अतिरिक्त प्रबंध करने पड़ेंगे।

**भाषा**
हालाँकि हम जहाँ हो सकता है वहां द्विभाषावाद को बढ़ावा देते हैं, लेकिन फिर भी हम माता-पिता या केयरगिवर्स से उम्मीद करते हैं कि वे उसी भाषा में बोलें जिस भाषा का इस्तेमाल बच्चा CDC में अपने ख़ास प्रोग्राम्स में कर रहा है।

**मोबाइल फोन**
CDC में किसी प्रोग्राम के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

**गैर-दखलअंदाजी नीति**
यदि स्टाफ मेम्बर्स का CDC परिवारों से सामना CDC के बाहर होता है तो गोपनीयता की वजह से, स्टाफ माता/पिता या केयरगिवर के अनुरोध पर ही सहायता प्रदान करेंगे।

**माता/पिता की भागीदारी**
CDC, प्रोग्राम्स के सभी पहलुओं में सेवा उपयोगकर्ता के माता-पिता, देखभालकर्ताओं और अभिभावकों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। माता-पिता अपनी किसी चिंता या अपने बच्चे की प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए "CDC कनेक्ट्स" ऐप के माध्यम से या फोन या ईमेल करके एक स्टाफ मेंबर के साथ एक मीटिंग बुक कर सकते हैं।

**व्यक्तिगत सामान / निजी संपत्ति**
CDC, सेवा उपयोगकर्ताओं को CDC में व्यक्तिगत सामान लाने से हतोत्साहित करता है। CDC में व्यक्तिगत सामान लाने वाले सेवा उपयोगकर्ता ऐसा अपने व्यक्तिगत जोखिम पर करते हैं। सेवा उपयोगकर्ताओं द्वारा CDC में लाए गए व्यक्तिगत सामानों की जिम्मेदारी CDC की नहीं है।

**स्कूल बैग**
अप्रत्याशित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आपके बच्चे के स्कूल बैग में फेरबदल करने के लिए एक कपड़ा और साफ़ डायपर्स/अंडरवियर होना चाहिए।

**सुरक्षा**
CDC संपत्ति और जानकारी को सुरक्षित करने की हर मुमकिन कोशिश करता है। CDC घुसपैठियों को रोकने में मदद करने और सभी कर्मचारियों, सेवा उपयोगकर्ताओं और मुलाकातियों के हित के लिए परिसर में सुरक्षा और निरापदता को बढ़ावा देने के लिए इमेज-ओनली वीडियो सर्विलांस का इस्तेमाल करता है।

**बीमारी**
हम माता-पिता को हमें सूचित करने के लिए कहते हैं जब उनका बच्चा बीमार होने के कारण CDC आने में असमर्थ हो। कृपया अपने बच्चे को सेंटर में लेकर न आएं यदि वह अस्वस्थ है। CDC किसी बच्चे को घर भेजने का अधिकार सुरक्षित रखता है यदि हमें लगता है कि वह अस्वस्थ है। माता-पिता को जल्द से जल्द सूचित किया जाएगा। ग्रुप प्रोग्राम्स के लिए कोई मेक-अप सेशन नहीं होगा या पैसे वापस नहीं मिलेंगे। डॉक्टर का नोट मिलने के बाद, इंडिविजुअल थेरेपी सेशंस के पैसे लौटा दिए जाएंगे।

**नाश्ता / भोजन सम्बन्धी जरूरतें**
**यदि आपका बच्चा टाइगर्स, जिराफ्स, या टेडी बेअर्स प्रोग्राम्स में भाग ले रहा है तो एक अलग नामांकित कंटेनर / बैग में उसके लिए नाश्ता रख दें। कृपया CDC में पीनट बटर सहित किसी तरह का नट या नट प्रोडक्ट्स न लाएं। कृपया स्टाफ को अपने बच्चे की एलर्जी या भोजन सम्बन्धी जरूरतों के बारे में बता दें।**

**ट्रायल सेशंस (गैर आर्थिक सहायता प्राप्त)**
गैर आर्थिक सहायता के आधार पर सेवा प्राप्त करने के लिए बच्चों के परमानेंट प्लेसमेंट से पहले कुछ प्रोग्राम्स में कुल मिलाकर 4 सप्ताहों वाले ट्रायल सेशंस ऑफ़र किए जा सकते हैं। ट्रायल के दौरान, स्टाफ मेम्बर्स उपयुक्त भावी प्लेसमेंट के बारे में चर्चा कर सकते हैं और सलाह दे सकते हैं। ट्रायल पीरियड के बाद परमानेंट प्लेसमेंट की कोई गारंटी नहीं है।

**वैक्सीनेशन**
बलपूर्वक यह सुझाव दिया जाता है कि प्रत्येक बच्चे का वैक्सीनेशन, अपटूडेट हो जिसमें कोविड-19, ट्यूबरक्लोसिस, हेपेटाइटिस B और टिटनेस भी शामिल हैं।

**मुलाकाती और भाई-बहन**
विजिटर शेड्यूल पर सावधानीपूर्वक नजर रखी जाती है ताकि प्रोग्राम्स में कोई रुकावट न पड़े। विजिटर्स या मुलाकाती पहले से इंतजाम करके CDC में आ सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए कृपया info@cdchk.org पर ईमेल करके या  2849-6138 पर फोन करके मेन ऑफिस से संपर्क करें।

**स्वयंसेवक**
यदि आपको लगता है कि आप CDC के प्रोग्राम्स या फंडरेजिंग इनिशिएटिव्स में मदद कर सकते हैं तो हमारे स्टाफ को बता दें।

**आर्थिक सहायता वाली सेवाओं से निकासी**
**आर्थिक सहायता वाली सेवाओं के लिए** SWD के माध्यम से भेजे गए बच्चों को, 31 **अगस्त या उससे पहले छः साल का हो जाने पर  या प्राइमरी वन प्लेसमेंट में भर्ती होने से पहले, छोड़कर जाना पड़ता है।**

# फीस का पेमेंट – नियम और शर्तें

**सभी ग्रुप प्रोग्राम्स फीस का कैलकुले**शन वार्षिक आधार पर किया जाता है जिनका पेमेंट स्कूल/सार्वजनिक छुट्टियों की परवाह किए बिना स्कूल वर्ष (11.5 महीने) के दौरान हर महीने करना होता है। हम किसी ग्रुप प्रोग्राम्स के लिए मेक-अप सेशंस प्रदान करने में असमर्थ हैं। किसी सरकारी घोषणा के कारण CDC के बंद होने पर, ग्रुप प्रोग्राम्स की ट्यूशन फीस वापस नहीं की जाएगी।

CDC को दी जाने वाली सारी फीस प्रोग्राम्स को चलाने में खर्च होती है। इस ट्यूशन फीस से हमारे प्रोग्राम्स को चलाने के लिए होने वाले खर्च का लगभग एक तिहाई हिस्सा कवर होता है। बाकी का खर्च सरकारी फंडिंग और फंडरेजिंग के माध्यम से कवर किया जाता है।

**ट्यूशन फीस बिलिंग पीरियड**
यदि सेवा शुरू होने की तारीख, महीने की 15 तारीख या उससे पहले की है तो पूरे महीने की स्कूल फीस देनी होगी। यदि शुरू होने की तारीख, महीने की 16 तारीख या उससे बाद की है तो 50% फीस देनी होगी। यदि प्रोग्राम का आखिरी दिन, महीने की 15 तारीख या उससे पहले का है तो 50% फीस देनी होगी। यदि प्रोग्राम का आखिरी दिन, महीने की 16 तारीख या उससे बाद का है तो पूरे महीने की स्कूल फीस देनी होगी।

**ट्यूशन और फीस**
सभी बकाया ट्यूशन फीस का निपटान ऑटोपे के माध्यम से किया जाएगा। SWD से आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले प्रोग्राम को छोड़कर अन्य सभी प्रोग्राम्स के लिए यह जरूरी है। जब तक ऑटोपे का इंतजाम नहीं किया जाता और बैंक द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की जाती तब तक प्लेसमेंट नहीं दिया जाएगा।

a) कृपया ऑटोपे फॉर्म को सीधे अपने बैंक को लौटा दें और हमारे रिकॉर्ड्स के लिए CDC के पास उस फॉर्म की एक कॉपी जमा करें।

b) HSBC सम्बन्धी विवरण:
   - लाभार्थी का नाम: The Child Development Centre
   - बैंक नंबर: 004, ब्रांच नंबर: 502, अकाउंट नंबर: 428 634 001
   - देनदार का नाम और रेफरेंस (CDC द्वारा दिया गया): आपके बच्चे का नाम और छात्र संख्या

c) डेबिट सीमा का विवरण प्लेसमेंट ऑफर के दौरान दिया जाएगा। यदि आपको यकीन नहीं है कि आपके बच्चे का नाम कुछ और प्रोग्राम्स में लिखा जाएगा तो कृपया एक अधिक ऑटोपे सीमा निर्धारित करें। यदि डेबिट सीमा प्रोग्राम्स में होने वाले बदलावों को कवर करने के लिए नाकाफी है तो माता-पिता को डेबिट सीमा बढ़ाने के लिए सीधे अपने बैंक जाना चाहिए।

d) हमारा बैंक, पिछले महीने, CDC द्वारा प्रदान की गई सभी सेवाओं के लिए हर महीने ट्यूशन फीस डेबिट करेगा। हमारा बैंक, महीने में सिर्फ एक बार अकाउंट्स को डेबिट करेगा। फीस का पेमेंट होने के बाद एक रसीद जारी की जाएगी।

e) यदि डेबिट अकाउंट में पर्याप्त पैसे नहीं हैं या यदि ऑटोपे की समय सीमा समाप्त हो गई है तो हमारे बैंक से लिया जाने वाला सरचार्ज आपसे लिया जाएगा जिसके साथ अलग से HK$200 एडमिनिस्ट्रेशन सरचार्ज भी लिया जाएगा। प्रत्येक रिटर्न्ड चेक पर भी HK$200 एडमिनिस्ट्रेशन चार्ज लगेगा।

**ग्रुप प्रोग्राम्स में अनुपस्थिति**
सभी अनुपस्थितियों को बिल में शामिल किया जाएगा। ग्रुप प्रोग्राम्स के लिए, कोई मेक-अप सेशंस की व्यवस्था नहीं की जाएगी यदि आपका बच्चा अनुपस्थित रहा या यदि CDC, सरकारी घोषणाओं, ख़राब मौसम या प्रोफेशनल ट्रेनिंग के कारण बंद हुआ।

**वन-ऑन-वन सेशंस से अनुपस्थिति**

- यदि कोई बच्चा, सेशन के लिए देर से पहुँचता है तो अतिरिक्त समय नहीं जोड़ा जाएगा।
- अन्य छुट्टियाँ: किसी सेशन को कैंसल करने के लिए, हमें 3 दिन पहले एक लिखित नोटिस देनी होगी। सेशन फीस का 30% बिल किया जाएगा। यदि कोई मेक-अप सेशन किया जाएगा तो शेष 70% बिल किया जाएगा।
- बीमारी की छुट्टियाँ (a): कृपया सेशन के समय से 3 घंटे पहले या जिस दिन सेशन सुबह-सुबह शुरू होता है उस दिन सुबह 9 बजे से पहले CDC को सूचित करें और हमें 3 दिन के भीतर एक ऑफिसियल चॉप के साथ एक मेडिकल डॉक्टर का नोट प्रदान करें ताकि उस सेशन के लिए कोई फीस न देनी पड़े। मेडिकल डॉक्टर का नोट सबमिट न किए जाने पर, सेशन को अन्य छुट्टियों की तरह व्यवहार में लाया जाएगा।
- बीमारी की छुट्टियाँ (b): यदि सेशन के लिए पहुँचने पर या सेशन के दौरान बच्चा बीमार पड़ जाता है तो थेरेपिस्ट / शिक्षक के पास उस सेशन को कैंसल करने और बच्चे को घर भेजने का अधिकार होता है (दो स्टाफ सदस्यों द्वारा बीमारी रिलीज़ फॉर्म पर हस्ताक्षर किया जाएगा)। मेडिकल डॉक्टर का नोट सबमिट न किए जाने पर, सेशन को अन्य छुट्टियों की तरह व्यवहार में लाया जाएगा।
- मेक अप सेशन, कैंसल किए गए सेशन की तारीख से 2 महीने के भीतर करना होगा।
- नो शो या लेट नोटिस के लिए पूरी तरह बिल किया जाएगा।
- यदि थेरेपिस्ट उपलब्ध नहीं है और सेशन को कैंसल करता है तो उस सेशन के लिए बिल नहीं किया जाएगा। यदि कोई मेक-अप सेशन किया जाएगा तो उस सेशन के लिए सामान्य रूप से बिल किया जाएगा।
- हमारे ABA प्रोग्राम में सेशन कैंसलेशन के लिए एक अलग पॉलिसी है।

**ट्रायल सेशन (4 सेशन)**
प्रोग्राम शुरू होने से पहले ट्रायल सेशंस का पूरा भुगतान करना पड़ता है। ये फीस, नॉन-रिफंडेबल और नॉन-ट्रांसफरेबल होती हैं। ट्रायल्स में 4 सेशंस होते हैं। यदि ख़राब मौसम के कारण ट्रायल के दौरान किसी सेशन को कैंसल किया जाता है तो उसके लिए एक मेक-अप सेशन की व्यवस्था की जाएगी। यदि आपका बच्चा, बीमारी के कारण कक्षा में उपस्थिति नहीं हो सकता है तो डॉक्टर का नोट मिलने पर उसके लिए एक मेक-अप सेशन (अधिक से अधिक 1 सेशन) की व्यवस्था की जाएगी। अन्य छुट्टी सम्बन्धी अनुरोधों के लिए मेक-अप सेशन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**निकासी**
प्रोग्राम से बाहर निकलने से पहले, एक महीने की नोटिस के साथ एक लिखित अनुरोध करना जरूरी है। कोई लिखित अनुरोध न मिलने पर, एक के बाद एक ट्यूशन फीस लगती रहेगी, यदि छात्र CDC में आना बंद कर देता है तब भी। निकासी फॉर्म (विथड्रॉल फॉर्म), CDC की वेबसाइट पर उपलब्ध है। निकासी की पुष्टि हो जाने के बाद, एक महीने के नोटिस पीरियड को छोटा करने के लिए किसी अन्य छुट्टी के लिए आवेदन नहीं किया जा सकता है।

**रिफंडेबल डिपोजिट**
स्वयं-वित्तपोषित प्रोग्राम्स के लिए एडवांस में रिफंडेबल डिपोजिट लिया जाएगा। इस डिपोजिट का रिफंड पाने के लिए, CDC को उपस्थिति की आखिरी तारीख से 30 दिन के भीतर निकासी फॉर्म मिल जाना चाहिए। इस समय सीमा के भीतर निकासी फॉर्म न मिलने पर, रिफंडेबल डिपोजिट जब्त हो जाएगा। सभी बकाया पेमेंट्स का निपटान हो जाने के बाद और उधार लिए गए सभी आइटम को लौटाने के बाद, औपचारिक निकासी के बाद 30 दिन के भीतर आपके निकासी फॉर्म में दिए गए पते पर रिफंड का चेक मेल कर दिया जाएगा। चेक जारी करने की तारीख से छः महीने के भीतर उसे कैश न कराने पर, कोई रिप्लेसमेंट चेक जारी नहीं किया जाएगा और रिफंड जब्त हो जाता है। यदि आप एक प्रोग्राम या थेरेपी से निकल रहे हैं लेकिन अन्य सेवाओं में भागीदारी को जारी रखेंगे तो रिफंडेबल डिपोजिट को आपके अकाउंट में भेज दिया जाएगा।

**आवेदन शुल्क**

गैर आर्थिक सहायता वाले इंडिविजुअल या ग्रुप प्रोग्राम्स के लिए सभी आवेदनों पर एक नॉन-रिफंडेबल और नॉन-ट्रांसफरेबल आवेदन शुल्क लगता है। इस आवेदन शुल्क से सिर्फ प्रशासनिक खर्च कवर होता है और इससे प्रोग्राम में प्लेसमेंट मिलने की गारंटी नहीं मिलती है।

**ABA प्रोग्राम**

ABA प्रोग्राम एक सेल्फ-फंडेड प्रोग्राम है और इसकी नीतियाँ थोड़ी अलग हैं। इस प्रोग्राम के पेमेंट सम्बन्धी नियम और शर्तें भी अलग हैं। माता-पिता को ABA के नियमों और शर्तों के बारे में साइन-अप के समय बताया जाएगा। यदि आप ABA प्रोग्राम के बारे में और ज्यादा जानना चाहते हैं तो कृपया ऑफिस से विवरण प्रदान करने का अनुरोध करें।

## पेमेंट करने के अन्य तरीके

### क्रॉस्ड चेक के माध्यम से

क्रॉस्ड चेक "द चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर" के नाम से काटना चाहिए, और चेक के पीछे अपना इनवॉइस नंबर / पेमेंट सम्बन्धी विवरण भी लिखना चाहिए। चेक को द चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर, 4/F, प्राइम मैंशन, 183-187 जॉन्सटन रोड, वानचाई पर या डाक द्वारा भेजा जा सकता है। कृपया पोस्ट-डेटेड चेक न भेजें।

### डायरेक्ट ट्रांसफर / FPS के माध्यम से

स्विफ्ट कोड: HSBCHKHHHKH
बैंक का नाम: HSBCHK
बैंक का पता: 1 Queen’s Road, Central Hong Kong
बैंक अकाउंट नाम: The Child Development Centre
बैंक अकाउंट नंबर: 502-428634-001
**कृपया हमें पेमेंट डिटेल्स (जैसे, बच्चे का नाम, इनवॉइस नंबर, प्रोग्राम का नाम, शुरू करने की तारीख, यदि हो तो) के साथ रिसिप्ट रेफरेंस भेजें*

### PayMe (पेमी) के माध्यम से

PayMe (पेमी) ऐप के माध्यम से पेमेंट करें। इसके लिए आप बस QR कोड को स्कैन कर सकते हैं या सीधे हमारे बैंक अकाउंट में पेमेंट करने के लिए यहाँ क्लिक करें और लेनदेन का रिकॉर्ड info@cdchk.org पर ईमेल कर दें
**PayMe (पेमी) पेमेंट में रिफंडेबल डिपोजिट फीस शामिल होने पर, HKD$200 चार्ज लगेगा।*




### क्रेडिट कार्ड द्वारा

सिर्फ वीज़ा / मास्टर कार्ड द्वारा।
** क्रेडिट कार्ड पेमेंट में रिफंडेबल डिपोजिट फीस शामिल होने पर, HKD$200 चार्ज लगेगा।*
**ऑटो पे सेट करने से पहले, सिर्फ हमारे प्रोग्राम्स की शुरूआती ट्यूशन फीस पर लागू।*

### PPS द्वारा

PPS आपको एक टच टोन फोन या इंटरनेट पेमेंट की मदद से अपने इनवॉइस का निपटान करने के लिए हांगकांग में किसी नामित बैंक अकाउंट से फंड्स ट्रांसफर करने की इजाजत देता है। अपना बिल रजिस्टर कराने के लिए कृपया 18011 (अंग्रेजी) या 18013 (केंटोनीज़) पर कॉल करें या वेबसाइट www.pps.hk.com  पर जाएं।
"द चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर" का मर्चेंट कोड "9693" है। सोमवार से शुक्रवार तक 7:00 p.m. से पहले किए गए पेमेंट सम्बन्धी लेनदेन को उसी दिन प्रोसेस किया जाएगा।
*कृपया हमें डिटेल्स (जैसे, बच्चे का नाम, इनवॉइस नंबर, प्रोग्राम का नाम, शुरू करने की तारीख, यदि हो तो) के साथ पेमेंट रिसिप्ट भेजें*

# समुदाय और माता/पिता सम्बन्धी संसाधन

### पैरेंट वर्कशॉप
माता-पिता और केयरगिवर्स को बच्चे के विकास में मदद करने की उन व्यावहारिक तकनीकों से परिचित कराने के लिए CDC साल भर मुफ्त में कई वर्कशॉप का आयोजन करता है जिन तकनीकों का इस्तेमाल घर में किया जा सकता है। सभी माता-पिता को हमारे पैरेंट वर्कशॉप में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपकी दिलचस्पी किसी ख़ास टॉपिक में है तो कृपया हमें सूचित करें।

### पैरेंटिंग प्रोग्राम्स
CDC ख़ास जरूरतों वाले बच्चों के परिवारों के लिए तैयार किए गए पैरेंटिंग प्रोग्राम्स और अन्य संबंधित कोर्स का नियमित आयोजन करेगा। कोर्स नोटिफिकेशन ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा। अलग से एक फीस भी लग सकती है।

### माता/पिता हेतु सहायता सेवा
CDC हमारे प्रोग्राम्स में बच्चों के माता-पिता को एक स्टाफ मेंबर से मिलने और पैरेंटिंग, कॉपिंग स्किल्स, पारिवारिक मुद्दे इत्यादि से संबंधित बातों पर चर्चा करने का मौका देने के लिए एक पारिवारिक सहायता सेवा प्रदान करता है। ऑफिस एडमिनिस्ट्रेटर से संपर्क करके एडवांस में अपॉइंटमेंट का इंतजाम किया जा सकता है। अलग से एक फीस भी लग सकती है।

### मनो-शैक्षिक आंकलन
CDC बच्चों की खूबियों और खामियों की एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करने के लिए अपटूडेट स्टैण्डर्डाइज्ड टूल्स और क्लिनिकल ऑब्ज़रवेशंस का इस्तेमाल करता है। ऑफिस एडमिनिस्ट्रेटर से संपर्क करके आंकलन का इंतजाम किया जा सकता है।

### सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट (SWD) सम्बन्धी आवेदन
यदि आपका बच्चा SWD के माध्यम से सेवाओं की प्रतीक्षा सूची में पहले से मौजूद नहीं है और आप आवेदन करना चाहते हैं तो कृपया CDC के समाज सेवक से संपर्क करें।

### लाइब्रेरी (किताबें/खिलौनें/DVDs)
CDC संसाधनों की एक लाइब्रेरी प्रदान करता है जिसका इस्तेमाल स्टाफ और माता-पिता मुफ्त में कर सकते हैं। विस्तार से जानने के लिए कृपया किसी स्टाफ मेंबर से मिलें।

### विकलांगता भत्ता
ख़ास जरूरतों वाले बच्चों के माता-पिता अपने बच्चे के लिए SWD से मिलने वाले व्यापक सामाजिक सुरक्षा / विकलांगता भत्ते के लिए आवेदन कर सकते हैं; बशर्ते वे एक साल से ज्यादा समय से हांगकांग के निवासी रहे हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया SWD या अपने समाज सेवक से संपर्क करें। SWD हॉटलाइन 2343 2255, वेबसाइट: www.swd.gov.hk > सार्वजनिक सेवाएं > सामाजिक सुरक्षा > सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना या निम्नलिखित लिंक: http://www.swd.gov.hk/en/index/site_pubsvc/page_socsecu/sub_ssallowance/

# इतिहास और दर्शन शास्त्र

CDC की शुरुआत श्रीमती सारा रो नामक एक व्यावसायिक थेरेपिस्ट के मार्गदर्शन में 1976 में अनौपचारिक रूप से हुई थी। श्रीमती रो ने लर्निंग डिफरेंस वाले, अंग्रेजी बोलने वाले बच्चों के लिए अपने अपार्टमेंट में एक ग्रुप की शुरुआत की जिसे औपचारिक रूप से 1978 में रजिस्टर कराया गया था। माटिल्डा हॉस्पिटल की एक दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, द हांगकांग ऐंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन, टॉमी हांगकांग लिमिटेड और माटिल्डा बाज़ार ऐंड सेडान चेयर रेस चैरिटीज फंड के उदार सहयोग से, श्रीमती ऐनी मार्डन द्वारा 1981 में अस्पताल की जमीन पर एक उद्देश्य-निर्मित केंद्र खोला गया।

ओरिजिनल CDC को "सेंटर फ़ोर हैंडीकैप्ड चिल्ड्रेन" कहा जाता था और बच्चों की भिन्नता पर ध्यान देने के बजाय उनकी योग्यताओं पर जोर देने के दर्शन का बेहतर वर्णन करने के लिए बाद में इसका नाम बदलकर "द माटिल्डा चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर" रख दिया गया। 2005 में, दानकर्ताओं को फाइनेंसिंग के मामले में माटिल्डा इंटरनेशनल हॉस्पिटल से हमारे अलग होने की बात को बेहतर ढंग से समझाने के लिए माटिल्डा में इसका नाम फिर से बदलकर "द चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर" कर दिया गया।

2010 में, वान चाई स्थित तांग शिउ किन (TSK) में एक अतिरिक्त सेंटर के साथ CDC का विस्तार हुआ। इससे SWD प्रतीक्षा सूची में मौजूद और 30 बच्चों तक पहुँचने के लिए हमारे कैंटोनीज़-स्पीकिंग इंटरवेंशन प्रोग्राम्स को शुरू करने का मौका मिला। सितम्बर 2014 में, CDC ने पीक सेंटर और TSK सेंटर दोनों से प्रदान की जाने वाली अपनी सेवाओं को कोवान चाई स्थित प्राइम मैंशन में स्थापित एक नई साइट में एकीकृत किया। उसके बाद हम बस "द चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर" या "CDC" के नाम से जाने जाने लगे। इस समय, CDC, SWD रेफरल सिस्टम के माध्यम से और 30 कैंटोनीज़ बोलने वाले बच्चों को सेवा देने में सक्षम था जिससे SWD के माध्यम से सेवा पाने वाले परिवारों की कुल संख्या 100 हो गई।

CDC बच्चों की शुरूआती शिक्षा में सबूत आधारित अभ्यास का अनुसरण करने की कोशिश करता है। ख़ास जरूरतों वाले बच्चों के लिए एक संरचित लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से विकास करने की जरूरत को खेल के माध्यम से अधिक से अधिक सीख प्रदान करने के लिए समर्पित परिवेश में सफलतापूर्वक लागू किया जाता है। स्टाफ मेम्बर्स काफी क्वालिफाइड, स्पेशलाइज्ड और अनुभवी हैं। वे बच्चों के विकास को सुगम बनाने के लिए एक अन्तःविषय दृष्टिकोण अपनाते हैं जिसमें बच्चों की सभी व्यक्तिगत जरूरतों और बच्चों की लर्निंग में माता-पिता के महत्व को ध्यान में रखा जाता है।

CDC सभी प्रोग्राम्स में वयस्कों और बच्चों का एक अच्छा अनुपात बनाए रखने की कोशिश करता है जो कभी भी एक अनुपात तीन से कम नहीं रहता है।

**एक पारिवारिक और सामुदायिक संसाधन**

CDC समुदाय के लिए एक संसाधन है जिसका उद्देश्य शिशुओं और छोटे बच्चों की शिक्षा और देखभाल में लगे परिवार के लोगों और अन्य लोगों के लिए सलाह, जानकारी और सहारा का एक स्रोत बनना है। चूंकि CDC शुरूआती सालों की शिक्षा पर ध्यान देता है, इसलिए समुदाय में इसका प्रमुख योगदान ख़ास जरूरतों के क्षेत्र और प्री-स्कूल उम्र के बच्चों में इसकी विशेषज्ञता है।

प्री-स्कूल्स CDC का इस्तेमाल अपने प्रोग्राम्स में अलग-अलग बच्चों को शामिल करने के लिए रेफ़रल स्रोत और सलाह स्रोत दोनों के रूप में करते हैं।

CDC स्टाफ मेम्बर्स ख़ास टॉपिक्स पर प्री-स्कूली शिक्षकों के लिए सेमिनारों और व्यापक समुदाय में उनके सहकर्मियों के लिए कोर्स का आयोजन करते हैं। वे CDC में आंकलन किए गए बच्चों का फोलो-अप करने के लिए प्री-स्कूलों का दौरा भी करते हैं। स्टाफ मेम्बर्स की मांग विभिन्न कॉन्फ्रेंस और कोर्स में तथा प्री-स्कूल इन-सर्विस ट्रेनिंग के दिनों में स्पीकर्स के रूप में की जाती है।

कभी-कभी, CDC अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सेकेंडरी स्कूलों से आने वाले स्वयंसेवकों के लिए सामुदायिक सेवा और कार्य अनुभव का एक आधार होता है और अंतर्राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तर पर हांगकांग के स्कूलों और यूनिवर्सिटियों के साथ इसका मजबूत सम्बन्ध बना हुआ है।

**फाइनेंस या वित्तपोषण**
अक्टूबर 1995 तक, CDC खुद को पूरा फाइनेंस करता था। इस समय, SWD ने हांगकांग में सामाजिक सेवा प्रणाली में CDC के योगदान को मान्यता दी है और संचालन खर्च में मदद करने के लिए कुछ आर्थिक सहायता प्रदान की है। लम्प सम ग्रांट (SWD द्वारा दिया जाने वाला पैसा) का इस्तेमाल पूरी तरह से CDC में सेवाएं प्रदान करने में किया जाता है जहाँ कोई रिजर्व नहीं रखा जाता है। ली जाने वाली फीस से आम तौर पर संचालन खर्च का लगभग एक तिहाई हिस्सा ही कवर होता है और CDC के प्रबंधन का भार संभालने वाले स्वयंसेवकों की एक निर्वाचित बॉडी, एग्जीक्यूटिव कमिटी द्वारा हर साल उसकी समीक्षा की जाती है। अन्य प्री-स्कूलों और सेवाओं के साथ अनुकूल रूप से तुलनीय फीस निर्धारित किया जाता है।

CDC को फाइनेंस करने के लिए आवश्यक बाकी पैसा पर्सनल और कॉर्पोरेट डोनेशन, और एग्जीक्यूटिव कमिटी, माता-पिता और स्टाफ मेम्बर्स द्वारा सुनियोजित और निष्पादित फंडरेजिंग इवेंट्स से आता है। CDC हांगकांग सामाजिक सेवा परिषद का एक सदस्य है।

हमारे बच्चों के सीखने के सफ़र में आपके सहयोग की जरूरत है। यदि आपकी कंपनी में इससे मिलता जुलता कोई डोनेशन या कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी (CSR) प्रोग्राम है तो कृपया हमारी सिफारिश करने के बारे में सोचें या यदि आपको ऐसे इवेंट्स के बारे में मालूम है जो बच्चों की शिक्षा के लिए लाभार्थियों की तलाश में हैं तो हम बहुत आभारी रहेंगे यदि आप CDC को मनोनीत करने पर विचार करेंगे।

CDC का ऑडिट या लेखा परीक्षण हर साल बाहरी ऑडिटरों द्वारा किया जाता है और SWD द्वारा आवश्यक एनुअल फाइनेंसियल रिपोर्ट (AFR) तैयार की जाती है। एग्जीक्यूटिव कमिटी द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद यह CDC वेबसाइट पर सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध हो जाता है।

# शासन सम्बन्धी ढांचा

CDC का संचालन एक एग्जीक्यूटिव कमिटी द्वारा किया जाता है। इसके सदस्यों का निर्वाचन हर साल एनुअल जनरल मीटिंग में होता है। इस कमिटी का गठन समुदाय और माता-पिता के प्रतिनिधियों को लेकर होता है। यह कमिटी CDC के रणनीतिक मार्गदर्शन का अवलोकन करने के लिए हर साल कम से कम आठ बार मीटिंग करती है। चीफ एग्जीक्यूटिव, एग्जीक्यूटिव कमिटी को रिपोर्ट करता है।

सबरीना हो
अध्यक्ष

गॉडन जोन्स
सह उपाध्यक्ष

वर्जिनिया विल्सन
सह उपाध्यक्ष

क्लारा चिन
मानद कोषाध्यक्ष

पीटर ग्रेगोइरे
सदस्य

जोआन होन
सदस्य


जैकी हुई
सदस्य

हेन्सन लाम
सदस्य

क्रुज़ेन मैकलिगन
सदस्य

अबीगेल पोर्टर
सदस्य

ट्रिना बंदोपाध्याय
माता/पिता का प्रतिनिधि



# CDC सेवा गुणवत्ता मानक

CDC के पास ख़ास शैक्षिक जरूरतों वाले बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए गुणवत्ता मानक और सर्वोत्तम दिशानिर्देशों का एक सेट है। हमें CDC द्वारा तैयार किए गए और सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट द्वारा मंजूर किए गए इन मानकों को पूरा करना पड़ता है। CDC के संचालन को शासित करने वाली ये नीतियाँ और प्रक्रियाएं हमारे ऑफिस में माता-पिता के रेफरेंस के लिए उपलब्ध हैं। हमारे ऑफिस में रेफरेंस के लिए मासिक सेवा आंकड़ें भी उपलब्ध हैं। सेवा उपयोगकर्ताओं को नीतियों, प्रक्रियाओं, और आंकड़ों से संबंधित टिप्पणियां या फीडबैक CDC को देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

**मानक 1** – सेवा का विवरण और जानकारी।
CDC द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं के लिए प्रोग्राम का विवरण और जानकारी आम लोगों के उपलब्ध है।

**मानक 2** – नीति और प्रक्रिया दस्तावेजों की नियमित समीक्षा।
CDC अपने दस्तावेजित नीतियों और प्रक्रियाओं की नियमित समीक्षा करता है।

**मानक 3** – क्रियाकलापों के रिकॉर्ड्स।
CDC सभी क्रियाकलापों और सेवाओं के सटीक रिकॉर्ड्स रखता है।

**मानक 4** – स्टाफ, मैनेजमेंट कमिटी और गवर्निंग बोर्ड की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां।
CDC अपने स्टाफ, मैनेजमेंट और गवर्निंग बोर्ड की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को साफ़ तौर पर परिभाषित करता है।

**मानक 5** – मानव संसाधन।
CDC के पास प्रभावी स्टाफ भर्ती, तैनाती, विकास, ट्रेनिंग आंकलन, और अनुशासनिक कार्यप्रथाओं को लागू करने की नीतियाँ और प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

**मानक 6** – प्रदर्शन की योजना, समीक्षा और मूल्यांकन।
रणनीतिक / दिशानिर्देशात्मक योजनाओं की समीक्षा हर साल की जाती है और उन्हें हर तीन साल में अपडेट किया जाता है।

**मानक 7** – वित्तीय प्रबंधन।
CDC प्रभावी वित्तीय प्रबंधन को सुनिश्चित करने की नीतियाँ और प्रक्रियाएं लागू करता है।

**मानक 8** – कानूनी दायित्व।
कानूनी दायित्वों के अनुपालन को सुनिश्चित करने की नीतियाँ और प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

**मानक 9** – सुरक्षित शारीरिक परिवेश।
स्वास्थ्य और सुरक्षा, आग और तूफ़ान से संबंधित नीतियाँ और प्रक्रियाएं लिखित रूप में तैयार की गई हैं और उन्हें लागू भी किया जाता है। इनमें स्टाफ मेम्बर्स की भूमिकाएं, उपकरण का रखरखाव और घटनाओं और दुर्घटनाओं के रिकॉर्ड शामिल हैं।

**मानक 10** – CDC में क्लाइंट्स का प्रवेश और निकास।
सेवा उपयोगकर्ताओं को सेवाओं में प्रवेश और निकास से संबंधित जानकारी देने के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएं लिखित रूप में तैयार की गई हैं और उन्हें लागू भी किया जाता है।

**मानक 11** – क्लाइंट्स की जरूरतों का आंकलन।
क्लाइंट्स की जरूरतों का आंकलन करने और उन्हें पूरा करने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू किया जाता है।

**मानक 12** – सोच-समझकर विकल्प चुनने का अधिकार।
सेवा उपयोगकर्ताओं को सोच-समझकर विकल्प चुनने में सक्षम बनाने के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएं तैयार की गई हैं।

**मानक 13** – निजी संपत्ति के सम्बन्ध में सेवा उपयोगकर्ता के अधिकार।
CDC में निजी संपत्ति की देखभाल से संबंधित नीतियों और प्रक्रियाओं को कायम रखा जाता है।

**मानक 14** – गोपनीयता और निजता के सम्बन्ध में सेवा उपयोगकर्ता के अधिकार।
गोपनीयता और निजता से संबंधित नीतियाँ और प्रक्रियाएं लिखित रूप में तैयार की गई हैं और उन्हें लागू भी किया जाता है।

**मानक 15** – शिकायत प्रक्रिया।
सेवा उपयोगकर्ताओं, स्टाफ और अन्य लोगों के सम्बन्ध में नीतियाँ और प्रक्रियाएं लिखित रूप में तैयार की गई हैं और उन्हें लागू भी किया गया है, जिनमें जिम्मेदारियाँ, रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और बदला से मुक्ति शामिल हैं।

**मानक 16** – दुरुपयोग से मुक्ति।
नीतियाँ और प्रक्रियाएं लिखित रूप में तैयार की गई हैं और उन्हें लागू भी किया जाता है, जिसमें दुरुपयोग की प्रकृति पर स्टाफ ट्रेनिंग, मामलों की पहचान करने और रिकॉर्ड और दस्तावेजीकृत करने का तरीका भी शामिल है।